**PANTNAGAR UNIVERSITY STAFF SPORTS CLUB**
**G.B. Pant University of Agriculture and Technology**
**PANTNAGAR, Distt. Udham Singh Nagar 263 145**
**(Uttarakhand) INDIA**

Vice-Chancellor (*Patron*) | Dean, Student Welfare (*President*) | *Secretary*

पत्रांकः स्टाफ स्पो0/एथलेटिक/2025/141 दिनॉकः 03.02.2025

## सूचना

विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों/शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि पंतनगर स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित की जाने वाली वर्ष 2024-25 की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के लिए माननीय कुलपति महोदय द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। दिनांक 03 मार्च से 5 मार्च 2025 तक सांय 3:30 बजे से 8:00 बजे तक उक्त प्रतियोगिता विश्वविद्यालय स्टेडियम में आयोजित की जायेंगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन माननीय कुलपति जी द्वारा दिनांक 03.03.2025 को अपराह्न 3:30 बजे किया जायेगा। अतः आप सभी से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करें। प्रतियोगिताओं में पुरूष/महिलाओं के 30वर्ष तक एक आयु वर्ग, 30 से 35वर्ष, 35 से 40 वर्ष, 40 से 45 वर्ष, 45 से 50 वर्ष, 50-55, 55 से 60 वर्ष तथा 60 वर्ष से अधिक के प्रतियोगी भाग ले सकते हैं। दिनांक 03.03.2025 को उद्घाटन के अवसर पर रस्साकसी(पुरूष/महिला) की प्रतियोगिता भी करायी जायेगी। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक प्रतियोगी अपना पंजीकरण दिनांक 28.02.2025 तक निम्न व्यक्तियों के पास अवश्य करा लें।

1. श्री मोहित कुमार, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय
2. श्री प्रभाकर जोशी, कृषि महाविद्यालय
3. श्री सुदीश राय, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय
4. श्री योगेश पंत, नियंत्रक कार्यालय
5. श्री अशोक कुमार कुशवाहा, विद्युत विभाग
6. श्री प्रताप सिंह नेगी, नियंत्रक कार्यालय

प्रतियोगिता शुल्क एवं प्रतियोगिता के दिन का विवरण निम्न प्रकार है-

रस्साकसी प्रतियोगिता(पुरूष/महिला) दिनांक 03.03.2025(सोमवार)
(पंजीकरण शुल्क रू. 50/-, प्रतियोगिता शुल्क रू. 1500/-, 15 सदस्यीय टीम)

एथलेटिक प्रतियोगिता दिनांक 03.03.2025 से 05.03.2025
(पंजीकरण शुल्क रू. 50/-, प्रतियोगिता शुल्क रू. 100/-)

**पंजीकरण शुल्क केवल वि.वि. के नियमित कार्मिकों हेतु है।**

नोटः-1. प्रतियोगी अधिक से अधिक 3 एथलेटिक प्रतियोगिता एवं रिले दौड़ में भाग ले सकता है।
2. पुरूष प्रतिभागी हाफ पेंट/ट्रिक सूट में तथा महिलाएं लोवर/टी-शर्ट या ट्रेक सूट में ही प्रतिभाग करेंगे/करेंगी।
3. इच्छुक प्रतिभागी दिनांक 28.02.2025 तक अपना पंजीकरण अवश्य करा लें और प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने की प्रविष्टि संबंधित को जमा करा दें।
4. अधिक आयु वर्ग वाला प्रतियोगी अपने से कम आयुवर्ग में भी प्रतिभाग कर सकता है। जिसकी सूचना पंजीकरण एवं प्रविष्टि के समय देनी होगी।
5. रिले दौड़ हेतु टीम के नाम 03.03.2025 तक अवश्य दे दें। इस टीम में एक सदस्य 30वर्ष से 35 वर्ष, 35 से 40वर्ष, 40 से 45वर्ष एवं 45 वर्ष से 50 वर्ष आयु वर्ग के एक-एक सदस्य होने चाहिए। अगर किसी टीम में वर्णित आयु वर्गो के सदस्य उपलब्ध नहीं हो तो वह 50वर्ष, 55वर्ष से 60 वर्ष एवं 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सदस्य प्रतिभाग कर सकते हैं।
6. रस्साकसी हेतु 15 सदस्यों की टीम दिनांक 28.02.2025 तक प्रस्तुत करें जिसमें सात सदस्य 40वर्ष से कम आयु वर्ग तथा सात सदस्य 40 वर्ष आयु वर्ग से अधिक होने चाहिए। प्रतियोगिता हेतु किट में आना अनिवार्य है।
7. किसी वर्ग में 03 प्रतिभागी से कम होने की स्थिति में उन प्रतियोगियों को अपने से नीचे वर्ग में प्रतिभाग करना होगा।

सचिव

संयोजक

Scanned with CamScanner

PANTNAGAR UNIVERSITY STAFF SPORTS CLUB
G.B. Pant University of Agriculture and Technology
PANTNAGAR, Distt. Udham Singh Nagar 263 145
(Uttarakhand) INDIA

| Vice-Chancellor (Patron) | Dean, Student Welfare (President) | Secerataty |
|---|---|---|

## 26वीं एथलेटिक प्रतियोगिता 2024–25 का कार्यक्रम

### दिनांक 03.03.2025(प्रथम दिवस)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सभी प्रतियोगियों एवं दर्शकों का एकत्रित होना | सांय 3:00 बजे |
| 2. | मुख्य अतिथि का स्वागत | सांय 3:30 बजे |
| 3. | ध्वजारोहण | सांय 3:35 बजे |
| 4. | मुख्य अतिथि द्वारा एथलेटिक मीट के प्रारम्भ करने की घोषणा व मशाल प्रज्जवलित करना | सांय 3:40 बजे |
| 5. | स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम | सांय 3:45 बजे |
| 6. | रस्साकसी प्रतियोगिता(पुरुष/महिला) | सांय 4:15 बजे |
| 7. | 100मीटर की दौड़ | सांय 5:00 बजे |
| 8. | मुख्य अतिथि का संबोधन | सांय 5:30 बजे |

### दिनांक 04.03.2025(द्वितीय दिवस)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | 5किमी पैदल चाल(पुरूषों) व 3किमी पैदल चाल(महिलाओं) के लिए | सांय 3:00 बजे |
| 2. | रस्साकसी प्रतियोगिता | सांय 3:30 बजे |
| 3. | जैवलिन थ्रो | सांय 4:00 बजे |
| 3. | 800मी. दौड़ | सांय 4:30 बजे |
| 4. | शाटपुट | सांय 5:00 बजे |
| 5. | लम्बी कूद | सांय 5:30 बजे |
| 6. | 400मी. दौड़ | सांय 6:00 बजे |
| 7. | 1500मी. दौड़ | सांय 6:30 बजे |
| 8. | ट्रिपिल जम्प | सांय 7:00 बजे |

### दिनांक 05.03.2025(तृतीय दिवस)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | 5000मीटर दौड़ | सांय 3:00 बजे |
| 2. | 200मी. दौड़ | सांय 3:30 बजे |
| 3. | डिस्कस थ्रो | सांय 4:00 बजे |
| 3. | हैमर थ्रो(पुरूष) | सांय 4:30 बजे |
| 4. | रस्साकसी प्रतियोगिता फाइनल(पुरूष/महिला) | सांय 5:00 बजे |
| 5. | 4 X 100मीटर रिले दौड़(पुरूष/महिला) | सांय 5:30 बजे |
| 6. | पारितोषिक वितरण | सांय 6:00 बजे |
| 7. | मुख्य अतिथि द्वारा आर्शीवचन तथा एथलेटिक मीट समाप्ति की घोषणा | सांय 6:30 बजे |
| 8. | सूक्ष्म जलपान | |

संयोजक                                                                                     सचिव

Scanned with CamScanner